Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **धौलपुर में बी.एड. कॉलेज के सचिव/संचालक को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *29 अप्रैल।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की एस.यू. भरतपुर इकाई द्वारा आज गुरूवार को धौलपुर में कार्यवाही करते हुये जगदीश महाविद्यालय, (बी.एड़.) आंगई, सरमथुरा के सचिव/संचालक प्रमोद कुमार शर्मा को परिवादी से 25 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. एस.यू. भरतपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि बी.एड. द्वितीय वर्ष की उपस्थिति भेजने की एवज में जगदीश महाविद्यालय, (बी.एड़.) आंगई, सरमथुरा के सचिव/संचालक प्रमोद कुमार शर्मा द्वारा 25 हजार रुपये की राशि रिश्वत मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी की एस.यू. भरतपुर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महेश मीणा** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज पुलिस निरीक्षक श्री श्रवण विश्नोई एवं उनकी टीम के द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये प्रमोद कुमार शर्मा पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम आंगई, सरमथुरा, जिला धौलपुर हाल सचिव/संचालक, जगदीश महाविद्यालय, (बी. एड़.) आंगई, सरमथुरा को परिवादी से 25 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।